प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण में विद्यार्थियों से की बातचीत : कहा– परीक्षा के दौरान सकारात्मक रह कर खुद की तैयारी पर रखें भरोसा।
2. प्रदेश के विभिन्न जनपदों में देखा गया परीक्षा पे चर्चा का सजीव प्रसारण : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– प्रधानमंत्री का विद्यार्थियों से किया गया संवाद जीवन की हर परीक्षा में स्थिर रहने का देता है संदेश।
3. निर्वाचन आयोग ने 6 मार्च तक बढ़ाई प्रदेश में एसआईआर के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज करने की समय सीमा : 10 अप्रैल को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची।

और

4. प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज प्रयागराज माघ मेले में आयोजित कृषि मेले में लिया हिस्सा : कहा– किसानों का हित है सरकार की प्राथमिकता।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर

विद्यार्थियों को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि प्रत्येक छात्र की अपनी एक अलग शैली होती है, और उन्हें अपनी तैयारी के तरीके पर पूरा विश्वास रखना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को दूसरों की नकल करने के बजाय, उन्हें मिलने वाली किसी भी सलाह में अपने अनुभव को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बाइट......

*पहली बात है आप अपनी जो पैटर्न है उस पर पूरा भरोसा करो। लेकिन जो पैटर्न के लिए सुझाव देते हैं उसे ध्यान से सुनो, समझने की कोशिश करो और उसमें आपको लगता है यार मेरी पैटर्न तो है लेकिन ये चीज मैं अगर जोड़ दूं तो अच्छा होगा। लेकिन किसी के कहने पर मत जोड़ो, अपने अनुभव से जोडो।*

श्री मोदी ने कहा कि शिक्षा जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सम्पूर्ण जीवन का विकास है। प्रधानमंत्री ने शिक्षकों को प्रत्येक छात्र की सीखने की गति के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जीवन के हर पहलू में संतुलन आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जीवन कौशल और व्यावसायिक कौशल दोनों के विकास पर छात्रों को ध्यान देना चाहिए। बाइट.....

*स्किल में भी दो प्रकार के स्किल हैं एक है लाइफ स्किल, दूसरा है प्रोफेशनल स्किल। स्किल की शुरूआत तो ज्ञान से ही होती है तो उसका महत्व कम नहीं है। लाइफ स्किल उसमें कोई कम्प्रोमाइज़ नहीं है, हंडरेड परसेंट वो तो अचीव करना ही चाहिए। प्रोफेशनल स्किल, जिस प्रोफेशनल में इंटरेस्ट है इसमें लगातार नया करते जाना है।*

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ में छात्राओं के साथ 'परीक्षा पर चर्चा–2026'कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए आभार जताया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विद्यार्थियों से किया गया संवाद केवल परीक्षा कक्ष तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में स्थिर रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने सामर्थ्य पर विश्वास बनाए रखने का संदेश देता है।

प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाबदेवी ने कहा कि बच्चों को भविष्य को संवारने के लिए प्रधानमंत्री की यह पहल बेहद सराहनीय है। बाइट......

*बच्चों के आगामी भविष्य को देखते हुए अब वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आज जो उनका उत्साह वर्धन किया है, उनके अंदर साहस का संचार किया है। उनके अंदर समय की कीमत बताई है और यह बताया है कि तनाव मुक्त होकर अपने लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़ना चाहिए।*

वहीं हापुड़ के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बाबूगढ़ में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखा गया। विद्यालय के शिक्षक रामानंद राय कहा कि प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा को उत्सव के रूप में मनाने की प्रेरणा दी है जिसका सकारात्मक असर छात्रों पर हुआ है। बाइट.....

*आज प्रधानमंत्री जी द्वारा जो परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हुआ निसंदेह वह बच्चों को तनाव मुक्त परीक्षा प्रणाली से जुड़ने का उसको उत्सव के रूप में मनाने का एक प्रयत्न था। प्रधानमंत्री जी ने यह कहा कि पढ़ाई के सिवाय अन्य गतिविधियां जिस विधा में आप माहिर हैं वह करते हैं और जब आप*

*उसमें अच्छा करते हैं तो अभिभावक खुश होते हैं कि मेरे बेटे ने किया तो अभिभावकों का भी दायित्व है कि बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों से इतर भी अन्य गतिविधियों जिनमें उनकी रुचि है उसमें उनकी सहभागिता तय की जाए।*

———————————

निर्वाचन आयोग न प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज करने की समय सीमा को 6 मार्च तक बढ़ा दिया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस विस्तार से मतदाताओं को अपने विवरण की जांच करने, सुधार करवाने और मतदाता सूची में पात्र नामों को शामिल करवाने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल कोजारी होगी। बाइट.....

*27 जनवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य के जो राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई थी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में और उसमें किसी दल द्वारा यह कहा गया कि समय बढ़ना चाहिए दावा आपत्ति का भी और नोटिस जारी होकर उसका जवाब लेने का भी और सभी दल इससे सहमत है और इसी क्रम में भारत निर्वाचन आयोग को एक अनुरोध हम लोगों ने किया था कि यह समय दावा आपत्ति का भी बढ़ा दिया जाए और नोटिस जारी करके सुनवाई पूरी करने का भी जो भारत निर्वाचन आयोग ने इस पर एक निर्णय लेकर यह बताया की जो हमारा 6 फरवरी आज जो अंतिम दिवस था दवा पत्ती का यह अब 6 मार्च हो गया 1 महीने का समय हमें और मिला उत्तर प्रदेश के लिए।*

श्री रिणवा ने कहा कि अब तक 16 लाख से अधिक लोगों ने संशोधन से जुड़े आवेदन जमा किए हैं। उन्होंने

मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराना सुनिश्चित करें।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हरिद्वार में आयोजित समारोह में स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज के समाधि स्थल पर विग्रह मूर्ति की स्थापना कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आस्था के केंद्रों की विरासत को संरक्षित और सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं है, यह भारत की आत्मा का केंद्र बिंदु भी है। सरकार के प्रयासों से राज्य आज प्रगति के नए पथ पर अग्रसर है। बाइट......

*जब इन आस्था के केंद्रों को हम लोगों ने सम्मान के साथ आगे बढ़ाया है, उसकी विरासत को सम्मानित किया है, उसको संरक्षित करने का काम*

*किया है, परिणाम क्या है? एक बीमारू राज्य उत्तर प्रदेश भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेक थ्रू बन कर के आज लगातार प्रगति के एक नए पद पर अग्रसर हो कर के कार्य कर रहा है, आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं है, यह भारत की आत्मा का केंद्र बिंदु भी है।*

————————————

**प्रदेश में आवारा कुत्तों की समस्या को देखते हुए प्रदेश सरकार ने नगर निगमों और जनपद मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम व एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की स्थापना प्रक्रिया तेज कर दी है। सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार प्रति शेल्टर होम 470 लाख रुपये से लेकर 531 लाख रुपये तक लागत आने का अनुमान है। डोपीआर में शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है।**

————————————

**प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज प्रयागराज माघ मेले में आयोजित कृषि मेले में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने अलग–अलग योजनाओं के लाभार्थी किसानों को चेक और कृषि यंत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हित को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस किसान मेले**

में कृषि विशेषज्ञ किसानों को उन्नत तकनीक का इस्तेमाल कर फसल को बेहतर बनाने के गुर सिखा रहे हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

————————

लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी ने पीसीएस परीक्षा 2024 के साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी कर दिया है। साक्षात्कार 16 फरवरी से 20 मार्च तक कुल 23 तिथियों में आयोजित किये जायेंगे। पीसीएस के 947 पदों के लिये मुख्य परीक्षा में 2719 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। अभ्यर्थी छह फरवरी से आयोग की वेबसाइट से साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर सकते है।

————————

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम में आज भगवान श्री गणेश के पूजन के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव औपचारिक रूप से प्रारंभ हा गया है। महाशिवरात्रि पर्व पर काशी विश्वनाथ धाम में इस वर्ष भगवान शिव के विवाह से जुड़े वस्त्र और श्रृंगार का सामान श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा से काशी पहुंचेगा। महाशिवरात्रि के दिन बाबा विश्वनाथ का भव्य श्रृंगार इन वस्त्रों और आभूषणों से किया जाएगा।

(समाप्त)